खास खबरें

गाली देने से मना किया तो युवक पर चाकू से हमला

नप्र, भोपाल : कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में दीपक बंशकार पर अज्ञात आरोपी ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि दीपक ने गाली देने का विरोध किया था, जिससे नाराज होकर आरोपी ने उसकी पीठ पर वार किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

एक्टिवा चोरी, पुलिस जांच में जुटी

बजरिया थाना क्षेत्र से एक एक्टिवा वाहन चोरी हो गया। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

स्कूटर पार, अज्ञात चोरों पर केस

शाहपुरा थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ा स्कूटर चोरी हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

कोतवाली क्षेत्र से स्कूटर चोरी

कोतवाली थाना इलाके में एक स्कूटर चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन की तलाश जारी है।

शाहजहांनाबाद में वाहन चोर सक्रिय

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र से एक स्कूटर चोरी हो गया। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं से लोगों में चिंता बढ़ रही है।

तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

शाहपुरा थाना क्षेत्र में तेज गति से चल रही कार ने दूसरे वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में नुकसान हुआ है। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

सड़क हादसा,चालक पर केस

मंगलवारा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दुर्घटना हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लोडिंग वाहन से टक्कर

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में लोडिंग वाहन की टक्कर से दुर्घटना हुई। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

जुआ खेलते छह गिरफ्तार

जहांगीराबाद थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताश पर जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 9,250 रुपये नकद जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

युवक ने लगाई फांसी

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

महिला की संदिग्ध मौत

कोहेफिजा क्षेत्र में एक महिला को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

अयोध्यानगर से युवती लापता

अयोध्यानगर थाना क्षेत्र से 21 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

तलैया से महिला गुम

तलैया थाना क्षेत्र की एक 40 वर्षीय महिला घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लगातार गुमशुदगी के मामले

बैरसिया थाना क्षेत्र से कई लोगों के लापता होने की शिकायतें दर्ज हुई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

पचास लोगों ने किया रक्तदान, प्रतिभावान विद्यार्थियों, युवाओं और दिव्यांगजनों का सम्मान, समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में वीरता, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर बुधवार को शहर में भव्य आयोजन किया गया। जय मेवाड़ राजपूत समाज और श्री प्रताप सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेवाड़ गौरव वीर शिरोमणि समारोह के तहत शिवाजी महाराज चौराहे से महाराणा प्रताप चौराहे तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में समाज के युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के पश्चात रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान समारोह और दिव्यांग सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। रक्तदान शिविर में 50 से अधिक युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। आयोजन समिति द्वारा सभी रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कल्याण एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल वीरता के प्रतीक नहीं थे, बल्कि सामाजिक समरसता, संवेदनशीलता और स्वाभिमान के भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र और समाज के सम्मान की रक्षा करते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का आदर्श प्रस्तुत किया।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, समाज के होनहार युवाओं तथा दिव्यांगजनों का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा, आत्मसम्मान और संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। आयोजन में महाराणा प्रताप लोक के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, मंत्री विश्वास सारंग, केदार सिंह मंडलोई सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'जय मेवाड़', 'जय भवानी' और 'जय राजपूताना' के जयघोष के साथ हुआ।

कोलार में कांग्रेस ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंदाकिनी चौराहे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कांग्रेसजनों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

आयोजन कोलार सिक्सलेन स्थित मंदाकिनी चौराहे पर किया गया, जहां उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन, वीरता और राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया गया। कार्यक्रम में कोलार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच मंगल सिंह यादव, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजकुमार सिंह, प्रवक्ता अवनीश सिंह बुंदेला सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

ट्रेवल्स एजेंसियों की आड़ में करोड़ों की कारें बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, बीस वाहन बरामद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी भोपाल की अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने वाहन किराये पर लेकर उन्हें फर्जी तरीके से बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 कारें बरामद की हैं, जिनकी कीमत करीब 3 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मामले में एक अन्य मुख्य आरोपी समेत कुछ संदिग्ध अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 13 जून 2026 को विदिशा जिले के खिरियाजागीर निवासी गौरव कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी कार किराये पर लेने के बाद आरोपी ने वाहन वापस नहीं किया और उसे धोखाधड़ीपूर्वक बेच दिया। शिकायत के आधार पर थाना अरेरा हिल्स में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से मुख्य आरोपी शैलेश जोशी को अयोध्या बायपास क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को वाहन किराये पर चलाने का झांसा देता था। वाहन मिलने के बाद वह स्वयं को मालिक बताकर फर्जी दस्तावेजों और अनुबंधों के जरिए उन्हें अन्य लोगों को बेच देता था। कई मामलों में बिना किसी वैध दस्तावेज के भी वाहनों का सौदा किया गया। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सीहोर निवासी वहीद अली, जयेन्द्र जोशी उर्फ किट्टू, अरुण नाथ, राजा मीणा और रोहन खान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह लंबे समय से इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहा था। जांच के दौरान कुछ ट्रेवल्स एजेंसियों के संचालकों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। पुलिस के अनुसार एजेंसियों की आड़ में वाहन किराये पर लिए जाते थे और बाद में उन्हें दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बेच दिया जाता था, जिससे वाहन मालिकों को लंबे समय तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाती थी।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 20 कारें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ रुपये है। हालांकि जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह ने इसी तरीके से 15 से 20 अन्य वाहन भी बेच दिए हैं। पुलिस अब उन वाहनों की तलाश और बरामदगी के प्रयास कर रही है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच के दौरान धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और आपराधिक न्यास भंग से संबंधित धाराओं का भी प्रकरण में इजाफा किया गया है। फरार आरोपी विश्वजीत सिंह गौर समेत अन्य संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस का मानना है कि जांच आगे बढ़ने पर इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और वाहन कारोबार से जुड़े कुछ और नाम भी सामने आ सकते हैं।

11 साल के संघर्ष के बाद भोपाल की राधिका ने जीता मिसेज वर्ल्ड वूमेन नेशन 2026 का खिताब



भोपाल। भोपाल की राधिका वसंत जेठा ने 11 वर्षों के संघर्ष के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिसेज वर्ल्ड वूमेन नेशन 2026 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। बुधवार को मीडिया से चर्चा में उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में विवाह और 2013 में बेटी के जन्म के बाद उन्होंने एकल अभिभावक के रूप में कठिन परिस्थितियों में बेटी का पालन-पोषण किया। वर्ष 2024 में पुनर्विवाह के बाद उन्हें नया संबल मिला और उन्होंने अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया। पहले उन्होंने मिसेज सेंट्रल इंडिया गोल्ड कैटेगरी का खिताब जीता और फिर मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में 22 देशों की प्रतिभागियों के बीच विजेता बनीं। उनकी 15 किलोग्राम वजनी अनूठी नेशनल कॉस्ट्यूम विशेष आकर्षण रही। पेजेंट डायरेक्टर फराह अनवर ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को वैश्विक मंच तक पहुंचाना है। अब राधिका का अगला लक्ष्य मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता है।

सबनानी ने किया जनसंवाद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने क्षेत्र के प्रबुद्ध एवं विशिष्ट नागरिकों से मुलाकात कर संवाद किया।

विधायक सबनानी ने टैगोर मंडल क्षेत्र में पद्मश्री सम्मानित संगीतकार उमाकांत गुंडेचा, बाल साहित्य केंद्र के सचिव महेश सक्सेना और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पूर्व संयुक्त संचालक विनोद प्रधान से भेंट की। इसके बाद उन्होंने करुणाधाम मंडल में सेवानिवृत्त डीजी वी.के. त्रिपाठी, रिवेरा टाउन के अध्यक्ष एन.सी. बघेल, वरिष्ठ साहित्यकार एवं दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक शशांक आदर्श तथा बाल साहित्यकार श्यामा गुप्ता से चर्चा की। इस दौरान विधायक ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी साझा की और देश के विकास से जुड़े सुझाव भी प्राप्त किए। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला बदर बदमाश घूमता मिला,श्यामला हिल्स पुलिस ने किया गिरफ्तार

नप्र, भोपाल : श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस आयुक्त द्वारा भोपाल सहित आसपास के छह जिलों की सीमाओं से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था, लेकिन वह आदेश की अवहेलना कर अपने क्षेत्र में घूमता मिला।

पुलिस के अनुसार कृष्णा नगर निवासी किशन यादव (24 वर्ष) के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर मामलों सहित कुल सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसकी लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क) एवं 5(ख) के तहत 30 अप्रैल 2026 को उसे भोपाल जिले के साथ विदिशा, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिलों की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष के लिए जिला बदर किया गया था।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बदमाशों की निगरानी और सतत चेकिंग अभियान के दौरान 17 जून को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि किशन यादव कृष्णा नगर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक नीलम पटवा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कोहेफिजा से लापता 6 साल के अंश को ढूंढने पर 10 हजार का इनाम

रॉयल मार्केट के अस्पताल से 16 जून को गायब हुआ बालक, पुलिस टीमें तलाश में जुटीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के कोहेफिजा थाना क्षेत्र से छह वर्षीय बालक के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद पुलिस और परिजन परेशान हैं। पुलिस ने बालक की तलाश के लिए आमजन से सहयोग की अपील करते हुए उसे सुरक्षित खोजने या उसकी जानकारी देने वाले को 10 हजार रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस के अनुसार अंश मैना (6 वर्ष) 16 जून 2026 को रॉयल मार्केट स्थित मल्टी केयर अस्पताल परिसर से अचानक लापता हो गया था। घटना के समय वह नीले रंग की हाफ पैंट और सफेद रंग की फुल टी-शर्ट पहने हुए था तथा नंगे पैर था। बताया गया है कि बालक मानसिक रूप से कमजोर है, जिसके चलते परिजनों की चिंता और बढ़ गई है।

मामले में थाना कोहेफिजा में अपराध क्रमांक 393/2026 के तहत धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा अस्पताल परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही शहर के प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थलों और अन्य संभावित स्थानों पर भी तलाश की जा रही है।

घटना के 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद बालक का कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन बेहद परेशान हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार खोजबीन में लगी हुई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने भी निगरानी बढ़ा दी है।

मुख्यमंत्री ने स्व. बालासाहब देवरस की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक स्व. बालासाहब देवरस की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि स्व. देवरस के नेतृत्व में संगठन का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अनगिनत कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़े। सनातन संस्कृति के उत्थान और सामाजिक समरसता के लिए वे संघर्षरत रहे। मातृभूमि की आराधना में समर्पित रहा स्व. बाला साहब देवरस का जीवन प्रेरणा-दीप बनकर सभी के कर्तव्य-पथ को हमेशा आलोकित रखेगा।

महाराणा प्रताप की जयंती पर नमन : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य और त्याग के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और कर्तव्यपरायण रहने के लिये प्रेरित है।

आंदोलन को लेकर कांग्रेस पर भाजपा का निशाना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आंदोलन में अपेक्षित भागीदारी नहीं होने पर एनएसयूआई पदाधिकारियों को नोटिस जारी किए जाने के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह कदम कांग्रेस संगठन की अंदरूनी स्थिति को उजागर करता है। राज्यसभा चुनाव के बाद हुए आंदोलनों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं दिखा, जिसके चलते 22 जिलों के एनएसयूआई जिला अध्यक्षों से जवाब मांगा गया। भाजपा ने इसे कांग्रेस के भीतर कार्यकर्ताओं के घटते विश्वास का संकेत बताया है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम JESSICA SHYNU MATHEW था। जो कि मेरे पासपोर्ट पर अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर JESSICA SHYNU हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम JESSICA SHYNU D/O BINI SHYN से जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS :
C-57, Ayodhya by pass road, Kakada Abhinav homes, Bhopal (M.P.) - 462022

641

नाम परिवर्तन सूचना

मैं महेंद्र कुमार नामदेव पिता गुलाब चंद नामदेव घोषणा करता हूं कि मेरा पूर्व में नाम महेंद्र नामदेव था जो मेरी पुत्री अंजलि नामदेव की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है अब वर्तमान में मेरा पूरा एवं सही नाम महेंद्र कुमार नामदेव हो गया है। अब मेरी पुत्री को अंजलि नामदेव पिता महेंद्र कुमार नामदेव निवासी-झलक ज्वेलर्स के पास म.नं. 22/5 लखेरापूरा भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 से जाना व पहचाना जाए।

640

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1,
गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, नियर मोटल शिराज, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक जूनियर एच.आई.जी.-06 मण्डल द्वारा (1) श्री मोहम्मद फजल आत्मज श्री मोहम्मद फरीद (2) श्रीमती स्मृति पत्नी श्री मोहम्मद फजल के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 28/09/2022 को पंजीकृत है। (1) श्री मोहम्मद फजल आत्मज श्री मोहम्मद फरीद (2) श्रीमती स्मृति पत्नी श्री मोहम्मद फजल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री संजय शर्मा आत्मज श्री उमाशंकर शर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 24/06/2025 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्री संजय शर्मा आत्मज श्री उमाशंकर शर्मा के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

639

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
सोलहवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस ए/278/2026
भूरी बाई बनाम श्रीमती सरोज
NEXT DATE: 29.06.2026

प्रेषिती-सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण। **यह कि प्रार्थी** भूरी बाई ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/278/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें- 1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

कपिल बौरासी, न्यायाधीश
सोलहवें व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल

638

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 8800000018
आवेदन क्रमांक-12220 आवेदन दिनांक 01/06/2026
क्रमांक 2061/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक : 15/06/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कस्तूरवा नगर योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-18 सेक्टर-बी आवंटी श्री संजय बदलानी एवं श्री मनीष बदलानी पुत्रगण स्वर्गीय श्री लाजपत तीरथदास बदलानी के संयुक्त नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटी में से श्री संजय बदलानी का स्वर्गवास दिनांकः 24/03/2023 को हो जाने के कारण एवं संयुक्त आवंटी श्री मनीष बदलानी द्वारा सपथ पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है की श्री संजय बदलानी का विवाह नहीं हुआ था इस कारण उनका में एकमात्र वारिस हूँ। श्री मनीष बदलानी द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसो की सहमति/शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड क्रमांक 18 सेक्टर-बी का अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। नोट- उक्त आम सूचना दो बड़े प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करावे। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

श्री अफाक जमा राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

637

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जीवन सिंह मीणा आत्मज श्री बद्री प्रसाद मीणा निवासी ग्राम बड़वाई, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म०प्र० के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 30/1/1/2 (एस) रकबा 1.3150 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 35/1/3 (एस) रकबा 1.1142 हेक्टेयर के अंशभाग में से रकबा 1.00 एकड़ स्थित ग्राम बड़वाई, वार्ड नं. 75 तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व में-प्रधानमंत्री सड़क, पश्चिम में -राजू जी की भूमि, दिशा उत्तर में-विक्रेता की भूमि, दिशा दक्षिण में-अन्य की भूमि है जिसे मेरे पक्षकार अर्जुन मीणा आत्मज श्री ज्ञान सिंह मीणा निवासी-म.न. 14/1, न्यू जेल रोड, बड़वाई, तह. हुजूर, भोपाल म०प्र० द्वारा क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा की गई है, यदि उक्त भूमि को विक्रय करने में किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति, बैंक, लोन, गिरवी, बंधक, दान, वसीयत, जमानत, हस्तांतरण, किसी व्यक्ति से अनुबंध से ग्रसित हो अथवा न्यायालय में प्रकरण लंबित हो तो अपनी आपत्ति असली दस्तावेज के साथ इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा। अतः सूचित हो।

भवदीय **ललित कुमार** एडवोकेट
ठाकुर लॉ चेम्बर
62, श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर कॉम्प्लेक्स, करोंद चौराहा
भोपाल म.प्र. मो. 7974760907, 8461023005

636

आम-सूचना

मैं, अपने पक्षकार आधार हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि श्री आबीद खां पुत्र श्री हमीद खां, निवासी-भोपाल के आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक किता भूखण्ड क्रमांक 07 (सात) जो खसरा क्रमांक 23/3(S) के अंश भाग पर, जो ग्राम मुबारकपुर, पटवारी हल्का क्रमांक 04/07 (मुख्य मार्ग से अन्दर), रा.नि.मं. 01, विकास खण्ड फन्दा, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 609 वर्गफिट है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार हैं :-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-अन्य की भूमि, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 06, दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 08 है। जिसको मु. कुदसिया रईस पुत्री श्री मोहम्मद रईस खां ने श्री अलीम पुत्र मोहम्मद कमर को विक्रय किया है तथा जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, भोपाल में दिनांक 06.10.2025, को ई-रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP43IGR16022025A100894781 पर पंजीबद्ध है इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति को श्री अलीम पुत्र मोहम्मद कमर ने श्री आबीद खां पुत्र श्री हमीद खां को विक्रय किया है तथा जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, भोपाल में दिनांक 12.05.2026, को ई-रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP43IGR16022026A10055 7284 पर पंजीबद्ध है तथा उपरोक्त खसरे की भूमि मु. कुदसिया रईस पुत्री श्री मोहम्मद रईस खां एवं श्री मोहम्मद रईस खां की संयुक्त खसरे की भूमि है तथा उक्त भूमि को मु. कुदसिया रईस पुत्री श्री मोहम्मद रईस खां ने विक्रय किया है जिसके अन्य खसरे के सहखातेदारों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तथा उक्त सम्पत्ति को बंधक रख, ऋण प्राप्त करने का प्रस्ताव मेरे पक्षकार के पास विचाराधीन हैं यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, नजूल, म.प्र.शासन, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण बंधक (सांयिक) भार, विलयन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपन